रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1039] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 31, 2012/ज्येष्ठ 10, 1934
No. 1039] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 31, 2012/JYAISTHA 10, 1934

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मई, 2012

का.आ. 1255(अ).—दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री मनमोहन, न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसको विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4 (1) के अंतर्गत न्यायनिर्णय करने संबंधी मामला भेजा गया था कि मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों अर्थात् पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पी एल ए), रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर पी एफ), यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यू एन एल एफ), पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी आफ कांगलीपाक (पी आर ई पी ए के), कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के सी पी), कांगली याओल कानबा लुप (के वाई के एल) और मणिपुर पीपल्स लिबरेशन फ्रंट (एम पी एल एफ) को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं, के आदेश को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4 (4) के अनुसार आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है:

[फा. सं. 11011/65/2011-एन ई-V]

शम्भू सिंह, संयुक्त सचिव

<u>माननीय न्यायमूर्ति श्री मनमोहन, न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायालय सं.11, दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण की रिपोर्ट</u>

के मामले में:

दिनांक 13 नवम्बर, 2011 की अधिसूचना सं. 2568 (अ) के तहत मणिपुर के निम्नलिखित मैतई उग्रवादी संगठनों अर्थात्,

1. पीपल्स लिबरेशन आर्मी, जिसे सामान्यत: पी एल ए के नाम से जाना जाता है;
2. रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर पी एफ-पी एल ए का राजनैतिक विंग);
3. यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यू एन एल एफ);
4. दी पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी आर ई पी ए के) और इसके सशस्त्र विंग जिसे "रेड आर्मी" कहा जाता है;
5. कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (के सी पी) और इसके सशस्त्र विंग जिसे "रेड आर्मी" भी कहा जाता है;
6. कांगली याओल कान्बा लुप (के वाई के एल); और
7. मणिपुर पीपल्स लिबरेशन फ्रंट (एम पी एल एफ)

को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत "विधिविरुद्ध संगम" घोषित किए जाने

और

दिनांक 9 दिसम्बर, 2011 की अधिसूचना सं. का. आ. 2764 (अ) के तहत गठित विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण के मामले में:

1. केन्द्र सरकार ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके बाद "अधिनियम" कहा गया है) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 13 नवम्बर, 2011 की अधिसूचना सं. का. आ. 2568 (अ) के तहत मणिपुर के मैतई उग्रवादी सगठनों, अर्थात् (1) पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पी एल ए);

(2) रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर पी एफ); (3) यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यू एन एल एफ); (4) पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी आर ई पी ए के) और इसके सशस्त्र विंग "रेड आर्मी"; (5) कांगलीपाक कम्यूनिस्ट पार्टी (के सी पी) और इसके सशस्त्र विंग जिसे "रेड आर्मी" भी कहा जाता है; (6) कांगली याओल कानबा लुप (के वाई के एल); और (7) मणिपुर पीपल्स लिबरेशन फ्रंट (एम पी एल एफ) के साथ-साथ इनके सभी घटकों, शाखाओं और अग्रणी संगठनों (जिन्हें इसमें इसके बाद सामूहिक रूप से "मैतेई उग्रवादी संगठन" कहा गया है) को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया था।

2. उक्त अधिसूचना में यह उल्लेख किया गया है कि केन्द्र सरकार का यह मत है कि मैतई उग्रवादी संगठनों की गतिविधियां भारत की संप्रभुता तथा अखण्डता के लिए हानिकर हैं और यदि मैतेई उग्रवादी संगठनों की विधिविरुद्ध गतिविधियों पर तत्काल अंकुश तथा नियंत्रण नहीं लगाया गया तो उन्हें निम्नलिखित के अवसर प्राप्त हो जाएंगे:-

(i) अपनी अलगाववादी, विध्वंसकारी, आतंकवादी एवं हिंसक गतिविधियों को तेज करने के लिए अपने काडरों को एकजुट करना;

(ii) भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए हानिकर ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का विस्तार करना;

(iii) आम नागरिकों की हत्याओं में वृद्धि करना तथा पुलिस और सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना बनाना;

(iv) अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से अधिक मात्रा में अवैध शस्त्र एवं गोलाबारूद प्राप्त करना तथा जुटाना;

(v) अपनी विधिविरुद्ध गतिविधियों के लिए जनता से बड़ी मात्रा में जबरन धन ऐंठना तथा निधियां इकट्ठी करना।

3. आगे यह भी उल्लेख किया गया है कि इन उग्रवादी संगठनों ने खुलेआम यह घोषणा की है कि उनका उद्देश्य मणिपुर राज्य को भारत से अलग करके एक स्वतंत्र मणिपुर राष्ट्र का गठन करना है और वे ऊपर उल्लिखित अपने उद्देश्यों को हासिल करने के लिए

सशस्त्र साधनों का इस्तेमाल तथा प्रयोग कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, ये सुरक्षा बलों, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों और कानून का पालन करने वाले मणिपुर के लोगों पर लगातार हमले कर रहे हैं, अपने संगठनों के लिए निधियां इकट्ठा करने के लिए डराने, धमकाने, जबरन धन ऐंठने तथा आम जनता से लूटपाट करने के कृत्यों में शामिल रहे हैं, ये अपने अलगाववादी उद्देश्य को हासिल करने के प्रयोजन से जनमत को प्रभावित करने तथा शस्त्रों एवं प्रशिक्षण के रूप में उनकी सहायता प्राप्त करने के लिए विदेशों में अपने संपर्क स्थापित करने के प्रयास भी करते रहे हैं और ये सुरक्षित शरण-स्थली, प्रशिक्षण तथा हथियार एवं गोलाबारूद के गुप्त तरीके से प्रापण के प्रयोजन से पड़ोसी देशों में शिविर बनाए हुए हैं। उपर्युक्त कारणों और आधार पर केन्द्र सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची कि उक्त संगठन विधिविरुद्ध संगम हैं।

4. केन्द्र सरकार ने अधिनियम के तहत मैतेई उग्रवादी संगठनों को दिनांक 13.11.2011 से दो वर्ष की और अवधि के लिए "विधिविरुद्ध संगम" घोषित करते समय निम्नलिखित आधारों पर भी विचार किया है:-

i) मणिपुर को भारत से अलग करने की नीति को अपनाना जारी रखना;

ii) भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में संलिप्तता जारी रखना;

iii) अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए साधनों के तौर पर सशस्त्र कार्रवाई के माध्यम से हिंसा और भय बनाए रखना;

iv) जनता से जबरन धन-वसूली और अवैध वसूली करना;

v) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगम घोषित संगठनों सहित पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही गुटों के साथ संपर्क रखना और उन्हें समर्थन देना;

vi) गुप्त माध्यमों द्वारा बड़ी संख्या में परिष्कृत हथियारों और गोलाबारूद का प्रापण।

5. केन्द्र सरकार ने दिनांक 13 नवम्बर, 2011 की अपनी अधिसूचना सं. 2568 (अ) के माध्यम से मैतेई उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध संगम के रूप में घोषित किया था। इसने अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 09 दिसम्बर, 2011 की अधिसूचना सं. का. आ. 2764 (अ) के तहत यह न्याय निर्णय करने के

लिए इस अधिकरण का गठन किया कि क्या उक्त मैतेई उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के पर्याप्त कारण हैं अथवा नहीं, जैसा कि अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (1) द्वारा अपेक्षित है।

6. उपर्युक्त संदर्भ भेजे जाने के पश्चात्, अधिकरण ने अधिनियम की धारा 4 (2) के उपबंध के अनुसरण में दिनांक 20 दिसम्बर, 2011 के आदेश के तहत उक्त मैतेई उग्रवादी संगठनों को इस संबंध में एक कारण बताओ नोटिस जारी किया कि वे इस नोटिस की तामीली की तारीख से 30 दिन के भीतर यह बताएं कि क्यों न उक्त संगठनों को विधिविरुद्ध संगम घोषित कर दिया जाए। अधिकरण ने यह भी निदेश दिया कि नोटिस की तामीली निम्न तरीकों से की जाए:

(i) उपर्युक्त संगमों के कार्यालयों, यदि कोई हों, के किसी मुख्य भाग पर नोटिस की प्रति चिपकाकर;

(ii) जहां कहीं संभव हो, संगमों के प्रमुख पदाधिकारियों, यदि कोई हों, को नोटिस की प्रति की तामीली द्वारा;

(iii) ऐसे क्षेत्र में जहां संगमों की गतिविधियां सामान्यतया चलाई जाती हों, ढोल बजाकर या लाउडस्पीकरों के माध्यम से नोटिस की विषय-वस्तु की उदघोषणा द्वारा;

(iv) आकाशवाणी के स्थानीय या निकटतम प्रसारण केन्द्र से रेडियो पर प्रसारण द्वारा;

(v) जिला या तहसील मुख्यालय, जहां संगमों के प्रधान कार्यालय स्थित हैं, में जिला मजिस्ट्रेट या तहसीलदार के कार्यालय, जैसा भी मामला हो, के सूचना पट्ट पर नोटिस चिपकाकर; और

(vi) मणिपुर राज्य, जहां ऊपर उल्लिखित संगठनों की गतिविधियां सामान्यतया जारी रहती हैं, के एक राष्ट्रीय अंग्रेजी समाचार पत्र और एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र, जो मणिपुर राज्य में परिचालित हो रहे हों, में प्रकाशन द्वारा।

7. अधिकरण ने अपने पंजीयक को भी नोटिसों की तामीली का पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया। नोटिसों की तामीली के संबंध में पंजीयक की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई थी। भारत संघ द्वारा तामीली संबंधी शपथपत्र दाखिल किया गया।

8. रिकार्डों में उपलब्ध सामग्री के अतिरिक्त अधिकरण के पंजीयक की रिपोर्ट से इस बारे में अधिकरण संतुष्ट हो गया था कि विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 1968 के नियम 6

में यथानिर्धारित निर्देशों के अनुसार पूर्वोक्त संगठनों/संगमों को विधिवत रूप से नोटिसों की तामीली कर दी गई है।

9. दिनांक 20 दिसम्बर, 2011, 07 फरवरी, 2012, 16 फरवरी, 2012 और 20 मार्च, 2012 के आदेशों द्वारा मैतेई उग्रवादी संगठनों को अपने उत्तर/शपथ-पत्र दाखिल करने और सुनवाई की तारीखों पर अधिकरण के समक्ष स्वयं को पेश किए जाने के लिए दिए गए तमाम अवसरों के बावजूद, कोई भी संगठन अधिकरण के समक्ष पेश नहीं हुआ है और न ही नोटिस के प्रत्युत्तर में कोई कारण दर्शाया गया।

10. दिनांक 12 मार्च, 2012 को शिलांग में हुई अधिकरण की सुनवाई में पी डब्ल्यू-1, श्री देवेश देवल, संयुक्त सचिव (गृह), मणिपुर सरकार और श्री हॉपसन सापाम, सब डिवीजनल पुलिस अधिकारी विष्णुपुर (मणिपुर) के साक्ष्य को रिकार्ड किया गया। दिनांक 13 मार्च, 2012 को हुई सुनवाई के दौरान, मणिपुर राज्य की ओर से अधिवक्ता के अनुरोध पर दो और गवाहों को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई तथा श्री एन. मधुनीमई सिंह, एस डी पी ओ, इम्फाल (पश्चिम) तथा श्री लेनिन लामाबाम, एस डी पी ओ, मोईरिंग के साक्ष्य आस्थगित कर दिए गए। मामले की सुनवाई दिनांक 20 मार्च, 2012 को नई दिल्ली में नियत की गई।

11. दिनांक 20 मार्च, 2012 को पी डब्ल्यू-3, श्री जे.पी.एन. सिंह, निदेशक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, जिन्होंने साक्ष्य के रूप में अपना शपथ-पत्र प्रस्तुत किया था, के साक्ष्य को रिकार्ड किया गया और मामले की सुनवाई दिनांक 3 और 4 अप्रैल, 2012 को गुवाहाटी में नियत की गई।

12. दिनांक 3 अप्रैल, 2012 को गुवाहाटी में मणिपुर सरकार के निम्नलिखित पुलिस अधिकारियों, जिन्होंने साक्ष्य के रूप में अपने-अपने शपथ-पत्र दायर किए थे, को शपथ दिलाकर पूछताछ की गई और उनके बयान रिकार्ड किए गए:-

पी डब्ल्यू-4 श्री हुस्ने ज़मा, अपर पुलिस अधीक्षक (एल यू) इम्फाल पूर्वी जिला, मणिपुर;

पी डब्ल्यू-5 श्री लेनिन लामाबाम, एस डी पी ओ, मोईरंग, मणिपुर;

पी डब्ल्यू-6 श्री एस. ईम्बोम्चा सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, कमांडो, इम्फाल (पश्चिम), मणिपुर;

पी डब्ल्यू-7 श्री एन. मधुनीमई सिंह, एस डी पी ओ, इम्फाल (पश्चिम), मणिपुर।

13. उनकी मुख्य जांच के दौरान, ऊपर उल्लिखित सभी गवाहों ने अपने संबंधित शपथ-पत्रों पर अपने-अपने हस्ताक्षरों को स्वीकार किया और अपने साक्ष्य के एक हिस्से के रूप में इनमें उल्लिखित सभी प्रदर्शों के साथ अपने शपथ-पत्र प्रस्तुत किए।

14. यथापूर्वोक्त दिए गए अवसरों के बावजूद पूर्वोक्त मैतेई संगठनों के लिए कोई भी गवाहों की प्रतिपरीक्षा के लिए अधिकरण के समक्ष पेश नहीं हुआ। इसलिए गवाहों को छोड़ दिया गया। चूंकि इस अधिकरण अथवा इसके पंजीयक किसी के द्वारा पूर्वोक्त उग्रवादी संगठनों से कोई प्रतिवेदन, संदेश अथवा कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं किया गया था, इसलिए साक्ष्य को समाप्त कर दिया गया और मामले को बहस हेतु दिल्ली में दिनांक 18 और 19 अप्रैल, 2012 को सूचीबद्ध किए जाने का निदेश दिया गया।

15. भारत संघ की ओर से श्री ए.एस. चण्डिओक, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल तथा सहायक श्री बलदेव मलिक और श्री हिमांशु बजाज, अधिवक्ताओं द्वारा जिरह की गई। विद्वान ए एस पी ने अनुरोध किया कि केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 3.(1) के तहत जारी की गई दिनांक 13.11.2011 की अधिसूचना संख्या 2568 (अ), जिसके द्वारा पूर्वोक्त मैतेई उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया गया है, की पुष्टि की जाए।

16. अधिकरण ने रिकार्ड में रखे गए दस्तावेजी साक्ष्य और भारत संघ तथा मणिपुर राज्य द्वारा प्रस्तुत किए गए शपथपत्रों एवं मौखिक साक्ष्य का अध्ययन किया है।

17. पी डब्ल्यू-1 श्री देवेश देवल, संयुक्त सचिव (गृह), मणिपुर सरकार ने साक्ष्य (प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/1) के रूप में अपने शपथपत्र में कहा है कि मणिपुर पिछले कई वर्षों से विद्रोह की समस्या से ग्रसित है और यह मैतेई उग्रवादी संगठनों नामतः, (i) पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पी एल ए), जो रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर पी एफ) के रूप में ज्ञात संगठन का एक सशस्त्र विंग है; (ii) पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी आर ई पी ए के); (iii) यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू एन एल एफ); (iv) कांगली याओल कन्बा लुप (के वाई के एल); (v) कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (के सी पी); और (vi) मणिपुर पीपल्स लिबरेशन फ्रंट (एम पी एल एफ) की देन है। उनके द्वारा यह कहा गया कि मणिपुर राज्य सरकार को इन मैतेई अतिवादी संगठनों द्वारा मणिपुर राज्य में पैदा की गई विद्रोह की समस्या से निपटना पड़ता है तथा कि इन संगठनों का मुख्य उद्देश्य, मणिपुर को भारत संघ से अलग करना तथा एक स्वतंत्र प्रभुतासम्पन्न देश बनाना है; दूसरे शब्दों में, भारत से मणिपुर राज्य को अलग कराना उक्त

संगठनों का उद्देश्य है। आगे यह उल्लेख किया गया कि ये संगठन न तो स्वयं को और न ही मणिपुर राज्य को संप्रभुता सम्पन्न भारत का हिस्सा मानते हैं और एक स्वतंत्र मणिपुर राज्य स्थापित करना चाहते हैं तथा मौका मिलते ही हिंसा, आतंक, धमकी और इन जैसी गतिविधियों का सहारा लेकर आम जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर देते हैं। अपने उद्देश्यों को हासिल करने के लिए वे हथियार, शस्त्र और गोला-बारूद प्राप्त करते हैं और इसके लिए वे बड़ी संख्या में जबरन धन-वसूली के लिए लोगों को धमकाते हैं तथा असहयोग की दशा में वे उन्हें खत्म कर देते हैं। इन संगठनों का प्रयास आतंक को फैलाना तथा अपनी विधिविरुद्ध क्रियाकलापों को जारी रखने के लिए धन उगाहना है। ये संगठन सरकारी कर्मचारियों और संपन्न लोगों को मांग नोटिस देते हैं जिसमें उन्हें कर का भुगतान किए जाने की मांग होती है ताकि मणिपुर राज्य को अलग करने की उनकी मांग जारी रह सके। यदि देश के प्रधानमंत्री या कोई अन्य शीर्षस्थ गणमान्य व्यक्ति दौरा करता है तो वे कार्यक्रम का बहिष्कार करने के लिए लोगों पर दवाब बनाते हैं तथा उन्हें धमकी देते हैं कि यदि वे कार्यक्रम में भाग लेंगे तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सभी प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों, विशेषकर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस का वे बहिष्कार करते हैं। इन संगठनों द्वारा उत्पन्न किए गए भय के कारण राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होती है।

18. जहां तक रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर पी एफ) और पीपल्स लिब्रेशन आर्मी (पी एल ए) का संबंध है, यह उल्लेख किया गया है कि उनका मुख्यालय म्यांमार के नुंगकेट में स्थित हैं। म्यांमार और भारत-म्यांमार सीमा पर इनके अनेक प्रशिक्षण केन्द्र हैं। यह भी उल्लेख किया गया है कि आर पी एफ "राजनैतिक विंग" तथा पी एल ए इसका "सशस्त्र विंग" है। इन दोनों विंगों की काडर नफरी 700 (सात सौ) है और ये अपने लक्ष्य पर हमला करने या अपनी लक्षित गतिविधियां चलाने के लिए कम संख्या में आवाजाही का शहरी गुरिल्ला युद्धकौशल अपनाते हैं। वे पुलिस थानों, सीमा चौकियों पर हमला करते हैं तथा सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करते हैं। वे सरकारी विभागों, कर्मचारियों, व्यावसायियों आदि से धनराशि इकट्ठी करते हैं। अन्य समान संगठनों अर्थात् एन एस सी एन (के), यू एन एल एफ, पी आर ई पी ए के, टी पी डी एफ, उल्फा, के सी पी, यू पी पी के, आदि तथा सी पी आई (माओवादी) से उनकी कथित रूप से गहन सांठ-गांठ भी है। यह मणिपुर पीपल्स लिबरेशन फ्रंट (एम पी एल एफ) का भी सदस्य संगठन है जिसका गठन, रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर पी एफ), पीपल्स

रिवाल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पी आर ई पी ए के) और यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यू एन एल एफ) के अध्यक्षों द्वारा हस्ताक्षरित संयुक्त घोषणा के तहत दिनांक 01.03.1999 को हुआ था। पी डब्ल्यू-1 द्वारा आगे यह कहा गया कि इन दो विंगों के पास लगभग 1000 अन्य हथियारों के अतिरिक्त ए के-47, ए के-56, एम-16, एम-18, एम-20, एम-21, एम-22, एम-23, एल एम जी और रॉकेट लांचर जैसे 500 से अधिक परिष्कृत हथियार मौजूद हैं।

19. यूनाईटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू एन एल एफ), पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांग्लेइपाक (पी आर ई पी ए के), कांग्लेई याओल कान्बा लुप (के वाई के एल), कांग्लेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (के सी पी), और मणिपुर पीपल्स लिब्रेशन फ्रंट (एम पी एल एफ) के संबंध में उक्त पी डब्ल्यू-1 द्वारा इसी प्रकार के बयान दिए गए हैं।

20. पी डब्ल्यू-1 के शपथपत्र के साथ, मैतेई उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध 13.11.2009 से 20.6.2011 की अवधि के लिए दर्ज कराई गई प्राथमिकियों की सत्यापित प्रतियां जब्ती ज्ञापनों के साथ फाईल की गई हैं और इन्हें प्रदर्श पी डब्ल्यू 1/2 से 1/6 के रूप में चिह्नित किया गया है। प्रदर्श पी डब्ल्यू 1/7 में जब्त साहित्य, पर्चे, अखबार की कतरनें इत्यादि शामिल हैं। प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/8 में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों द्वारा किए गए अपराधों का संझिप्त विवरण, उनकी गतिविधियों संबंधी नोट तथा रिपोर्टों में प्रयुक्त पुलिस थानों से संबंधित संक्षेपणों का विवरण शामिल है।

21. पी डब्ल्यू-1 ने यह बयान दिया है कि प्रतिबंध लागू होने के बावजूद ये प्रतिबंधित संगठन अपनी अवैध गतिविधियों को निरंतर जारी रखे हुए हैं। 13.11.2009 से 20.06.2011 की अवधि के दौरान उक्त संगठनों के विरूद्ध 876 एफ आई आर दर्ज कराई गईं। वर्ष 1979 से राज्य में बड़े पैमाने पर आतंकवाद संबंधी हिंसा हुई है। उपर्युक्त तथ्यों के मद्देनजर राज्य सरकार ने ऊपर उल्लिखित संगठनों की 'विधिविरुद्ध संगम' के रूप में घोषित किए जाने संबंधी घोषणा को जारी रखने की सिफारिश की है। अभिसाक्षी ने यह भी बताया है कि मणिपुर सरकार और भारत सरकार द्वारा ईमानदारी से किए गए प्रयासों के बावजूद अतिवादी गतिविधियां समाप्त नहीं हुई हैं अतः इन्हें नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है। यह भी बताया गया है कि इन संगठनों को अभी भी 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किए जाने की जरूरत है ताकि लोक व्यवस्था तथा देश की सुरक्षा को बनाए रखने संबंधी मुद्दों से मणिपुर सरकार प्रभावी ढंग से निपट सके।

1960GI/12—2

22. के सी पी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 302/307/326/447/34 आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-सी) तथा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 17/20 के तहत दर्ज एफ आई आर मामला सं. 50 (6) 2010 एन बी एल-पी एस में पी डब्ल्यू-2 श्री होपसन सैपम, उप-संभागीय पुलिस अधिकारी बिशनुपुर, मणिपुर जांच अधिकारी हैं। गवाह ने यह बताया कि दिनांक 20.06.2010 को यह रिपोर्ट मिली कि बिशनुपुर बागवानी विभाग के कृषि अधिकारी किसी नोंगथोंबम सरत सिंह की किन्ही अज्ञात युवकों जो उग्रवादी समूह के सदस्य थे, ने गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही वे पुलिस दल सहित घटना स्थल पर पहुंचे तथा उन्होंने जांच शुरू कर दी। उन्होंने यह भी बताया कि श्री नोंगथोंबम सरत सिंह की हत्या की जिम्मेदारी के सी पी मोबाइल टास्क फोर्स ने अपने ऊपर ली है। यह भी बताया कि दिनांक 01.07.2010 को गवाह को यह विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ के सी पी सिटी मैतई काडर, जो नोंगथोंबम सरत सिंह की हत्या में शामिल थे, नांबोल क्षेत्र में घूम रहे थे तथा इस सूचना के प्राप्त होते ही वे पुलिस दल सहित नांबोल पहुंचे तथा उन्होंने उस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी तथा दो घरों की तलाशी लिए जाने पर के सी पी सिटी मैतई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि उटलाऊ मायाई लैकाई पहुंचने पर तथा खोज करने पर दो और के सी पी सिटी मैतई काडरों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से पूछताछ करने के बाद काकयाई लागपोक बाजार से दो और के सी पी सिटी मैतई काडरों को गिरफ्तार किया गया। पी डब्ल्यू-2 ने आगे यह भी बताया कि दिनांक 03.07.2010 को बिशनुपुर बाजार से एक और के सी पी सिटी मैतई काडर को गिरफ्तार किया गया तथा पूछताछ के दौरान उसने बताया कि दोषी व्यक्ति श्री नोंगथोंबम सरत सिंह की हत्या में शामिल थे।

23. पी. डब्ल्यू-4, श्री श्री हुस्ने जमान, अपर पुलिस अधीक्षक (एल ओ) इम्फाल पूर्वी जिला, मणिपुर ने यह बताया है कि वे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 20, आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-सी) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत पी आर ई पी ए के के विरुद्ध दर्ज एफ आई आर मामला सं. 21 (6) 2011 के यू बी-पी एस में जांच अधिकारी थे। उन्होंने यह बयान दिया है कि कुम्बी क्षेत्र में तथा इसके आस-पास पी आर ई पी ए के द्वारा भारी मात्रा में शस्त्र एवं गोलाबारूद छुपाए जाने संबंधी दिनांक 15.06.2011 को प्राप्त विशिष्ट आसूचना रिपोर्ट के आधार पर सी डी ओ-इम्फाल वेस्ट तथा सी

डी ओ- बिशनुपुर के एक संयुक्त दल द्वारा छानबीन की गई तथा दो अज्ञात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिन्होंने यह स्वीकार किया कि वे पी आर ई पी ए के के सक्रिय सदस्य हैं। और अधिक पूछताछ किए जाने पर दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों ने बताया कि वे किसी सुश्री वाहेंगबम ओंगबी अमुरेई देवी के साथ मिलकर कार्य कर रहे थे तथा तदनुसार अमुरेई देवी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर तीनों गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने बताया कि कोंबी, अवांग खानू स्थित एक फिश फार्म में भारी मात्रा में शस्त्र एवं गोलाबारूद छुपा कर रखे गए हैं जिन्हें प्लास्टिक से ढका गया है। गवाह ने बयान दिया कि छानबीन की गई थी तथा एक बड़े आकार का शैल, छः आर पी जी शैल, 13 आर पी जी शैल एक्सटेंसर, यू एस कारबाइन मैग्जीन, एक जी-3 राइफल मैग्जीन तीस लीथोड शैल तथा 17 मोर्टार शैल जब्त किए गए। और अधिक पूछताछ करने तथा सुश्री अमुरेई देवी का नाम लिए जाने पर तीस लाइव राउंड वाली एक ए.के. 56 रायफल तथा एक मैग्जीन वाली एम -16 रायफल बरामद की गई।

24. पी डब्ल्यू, 5 श्री लेनिन लामाबाम, सब डिवीज़नल पुलिस अधिकारी मोएरांग, मणिपुर ने बयान दिया कि वे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20, आयुध अधिनियम की धारा 25 (।-सी) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत पी आर ई पी ए के के विरुद्ध दर्ज एफ आई आर मामला सं. 21(6) 2011 के यू बी-पी एस में मौजूदा जांच अधिकारी हैं। उन्होंने बयान दिया कि उन्होंने दिनांक 29.12.2011 को पी डब्ल्यू -4 से कार्य भार सँभाला।

25. पी डब्ल्यू-6, श्री एस. इबोम्या सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक, कमांडो, इम्फाल (पश्चिम), मणिपुर ने बयान दिया कि वे आर पी एफ/पी एल ए के विरुद्ध विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 18/20, आयुध अधिनियम की धारा 25-(।-ख) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत दर्ज एफ आई आर मामला सं. 9 (02)/2010 सिटी पुलिस थाना में जांच अधिकारी थे। उन्होंने यह भी बयान दिया कि यू एन एल एफ के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 384/34, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16/17/20 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 (।-ख) के तहत दर्ज एफ आई आर मामला सं. 119 (12)/2009 सिटी पुलिस थाना में भी जांच अधिकारी थे।

26. उन्होंने बयान दिया कि दिनांक 17.02.2010 को एक विश्वसनीय आसूचना रिपोर्ट प्राप्त होने पर कि आर पी एफ/पी एल ए के कुछ काडर क्षतिकारक-गतिविधियों को अंजाम देने के लिए बाजार के तथा इसके आस-पास के क्षेत्र में घूम रहे हैं, छानबीन की गई तथा एक युवक को गिरफ्तार किया गया जिसने बताया कि वह आर पी एफ/पी एल ए का एक ओवर ग्राउन्ड वर्कर है और अधिक पूछताछ किए जाने पर उसने बताया कि वह पी एल ए के लिए शस्त्र और गोलाबारूद को लाया ले जाया करता था तथा उसने श्री सानाबम पुंगोऊ सिंह तथा श्री मोरांगफेम इबोम्या सिंह के घर पर भारी मात्रा में विविध प्रकार के शस्त्र एवं गोलाबारूद छुपाए हुए हैं। यह बयान दिया गया कि श्री सानाबम पोंगऊ सिंह का नाम लिए जाने पर 2100 ए. के. गोलाबारूद, 500 एम-16 गोलाबारूद, 70 लीथोड बम, डिटोनेटरों सहित 10 चाइनीज़ हैंड ग्रेनेड, 13 चाइनीज मेड 2 मोर्टार शैल, 2 ए-के मैग्जीन, 1 नोकिया मोबाइल हैंड सैट, 1 एक्टिवा स्कूटर बरामद किए गए तथा श्री सानाबम पुंगोऊ सिंह और श्री मोरांगफेम इबोमचा सिंह को गिरफ्तार किया गया तथा ये गिरफ्तार व्यक्ति आर पी एफ/पी एल के के ओवर ग्राउन्ड वर्कर हैं।

27. पी डब्ल्यू-6 ने आगे बयान दिया है कि 19.12.2009 को इस आसूचना जानकारी के आधार पर कि यू एन एल एफ में कुछ सदस्य जोनस्टोन हायर सेकेन्ड्री स्कूल के भवन में एक संयुक्त बैठक करने जा रहे हैं, वह अपने दल के साथ घटना स्थल पहुंचे और वहां छानबीन तथा जांच की। छानबीन के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों नामत: श्री नाओरेम किरन, यू एन एल एफ का एक सहायक आर ओ आई डब्ल्यू तथा निंगथोऊजाम हेलेन्द्रो सिंह, 4 आई आर बी (ई कम्पनी) का एक राइफल मैन, जो अपनी राइफलमैन संख्या 405331 के साथ था, को गिरफ्तार किया गया। आगे यह बयान दिया गया है कि इन दो गिरफ्तार व्यक्तियों के खुलासों के पश्चात् अनुवर्ती कार्यवाही की गई तथा सात और व्यक्तियों जिसमें से एक नामत: श्री ओइनाम आइबोपिशाक सिंह, लोकटक विकास प्राधिकरण का कार्यकारी इंजीनियर था, को गिरफ्तार किया गया तथा मैगजीन रहित तीन (3) ए के-56 राइफल, एक डबल बैरल गन, एक इनवर्टर, 170 ए के 56 प्रोजेक्टाइल, दस डबल बैरल गोलाबारूद, एक बर्तन तथा एक सोलर लैम्प प्लैट जब्त किए गए। आगे यह बयान दिया गया कि जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि ओइनाम आइबोपिशाक सिंह, लोकटक विकास प्राधिकरण का कार्यकारी इंजीनियर , धनराशि एकत्रित करने तथा यू एन एल एफ आतंकवादी संगठन के सदस्यों की बैठकें आयोजित करवाने में उनकी सहायता करने में संलिप्त था।

28. पी डब्ल्यू-7 श्री एन. मधुनिमाई सिंह, उप डिवीजनल पुलिस अधिकारी, इम्फाल पश्चिम, मणिपुर ने बयान दिया है कि वह विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के अंतर्गत के वाई के एल के विरुद्ध रजिस्टर्ड एफ आई आर संख्या 227 में जांच अधिकारी हैं। उन्होंने बयान दिया है कि दिनांक 13.04.2011 को केइशमपाट क्षेत्र में तथा इसके आसपास के वाई के एल के कट्टर काडर होने की विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। इस विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एक व्यक्ति नामत: श्री माइबाम रोशन को गिरफ्तार किया गया जिसने खुलासा किया कि पहले वह यू एन एल एफ का सक्रिय सदस्य था। अधिक पूछताछ पर उसने बताया कि वह अब के वाई के एल का सदस्य है। पी डब्ल्यू-7 ने आगे बयान दिया कि उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से दो चीनी हथगोले जब्त किए गए। श्री माइबाम रोशन के उक्त खुलासे के पश्चात् एक सुश्री लाइरेनलकपम लिलि को भी गिरफ्तार किया गया जिसने खुलासा किया कि वह के वाई के एल की सदस्य है तथा वह सरकारी कर्मचारियों तथा आम जनता को फिरौती के लिए मांग पत्र देने तथा के वाई के एल के लिए शस्त्रों तथा गोलाबारूद को लाने-ले जाने में संलिप्त थी। उसने यह खुलासा भी किया कि उसने विभिन्न दुकानों से बड़ी संख्या में राशि एकत्रित की थी।

29. पी डब्ल्यू-3, श्री जे.पी.एन. सिंह, निदेशक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने साक्ष्य (प्रदर्श पी डब्ल्यू-3/1) के लिए आपना हलफनामा 10.2.2012 को प्रस्तुत किया तथा यह कहा कि मणिपुर में आतंकी गतिविधियां मुख्यत: मैतेई भूमिगत संगठनों द्वारा चलाई जाती हैं जिसमें पी एल ए, आर पी एफ, यू एन एल एफ, पी आर ई पी ए के, के सी पी तथा के वाई के एल सम्मिलित हैं। उन्होंने आगे बयान दिया है कि मणिपुर में मौजूदा सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मणिपुर के राज्यपाल द्वारा समय-समय पर पूरे मणिपुर राज्य को, सिवाय इम्फाल नगरपालिका क्षेत्र के, सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 के अंतर्गत अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है। उन्होंने आगे बयान दिया कि उपर्युक्त संगठनों का घोषित लक्ष्य मणिपुर राज्य को भारत से पृथक करके एक संप्रभुता वाले मणिपुर राज्य की स्थापना करना है तथा ये गुट अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सशस्त्र तरीकों का उपयोग कर रहे हैं।

30. आगे यह बयान दिया गया है कि मणिपुर राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। सुरक्षा बल मैतेई भूमिगत संगठनों के मुख्य लक्ष्य बने हुए हैं। इन आतंकवादी संगठनों द्वारा पिछले ढाई वर्षों (31 दिसम्बर, 2011 तक) में की गई हिंसक घटनाओं

का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

वर्ष	कुल घटनाएं	मैतेई भूमिगत संगठनों द्वारा की गई घटनाएं	कुल नागरिक/ मैतेई भूमिगत संगठनों द्वारा मारे गए सुरक्षा बल कार्मिक	मैतेई भूमिगत संगठनों द्वारा मारे गए सुरक्षा बल कार्मिक
2009	659	485	77	17
2010	365	274	24	03
2011 (31 दिसम्बर तक)	298	202	14	02

31. पी डब्ल्यू-3 ने आगे बयान दिया है कि हिंसक घटनाओं के अतिरिक्त वे आम जनता से जबरन धन वसूली तथा बल प्रयोग द्वारा विकास निधियों के दुरूपयोग में भी संलिप्त हैं। उन्होंने आगे बयान दिया है कि मैतेई संगठनों ने राज्य के गैर-मणिपुरी निवासियों के विरुद्ध अपना अभियान तेज कर दिया है। यह बयान दिया गया है कि वर्ष 2011 के दौरान (13 जून, 2011 तक) यू एन एल एफ के मुख्य संगठनों ने घाटी में 36 जन सभाएं तथा संगोष्ठियां आयोजित कर 'जनमत संग्रह' अभियान चलाया जिसमें सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 को हटाने की मांगें उठाई गईं। आगे यह भी बयान दिया गया है कि मैतेई संगठनों ने हिंसा रोकने तथा शांति वार्ता शुरू करने में कोई रूचि नहीं दिखाई है। इन संगठनों द्वारा 01.01.2011 से 28.05.2011 की अवधि में की गई घटनाओं के सार को प्रदर्श पी डब्ल्यू-3/3 के रूप में चिह्नित किया गया है।

32. पी डब्ल्यू-3 ने आगे बयान दिया है कि मैतेई भूमिगत संगठन पूर्वोत्तर के अन्य आतंकवादी संगठनों जैसे यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा), ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ए टी टी एफ), नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एन एल एफ टी) तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के साथ निकटतम संबंध बना कर रखते हैं, जो कि अधिनियम के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगम तथा आतंकवादी संगठन घोषित किए गए हैं। वे नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड [एन एस सी एन (आई/एम)] तथा नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड [एन एस सी एन (के)] के साथ भी संबंधी बनाए हुए हैं। मैतेई भूमिगत संगठन अपने अलगाववादी उद्देश्यों को पूरा करने के लिए शस्त्रों की खरीद तथा अपने काडरों के प्रशिक्षण हेतु सहायता प्राप्त करने के विचार से अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ निकटतम संबंध बनाए हुए हैं। पी डब्ल्यू-3 ने आगे बयान दिया है कि पी एल ए/आर पी एफ, यू एन एल एफ, पी आर ई पी ए के, के सी पी, के वाई के एल तथा एम पी एल एफ के बांग्लादेश तथा म्यांमार में शिविर

हैं तथा उन्होंने इन देशों में प्रशिक्षण केन्द्र और बारूद डिपो भी बनाए हुए हैं।

33. पी डब्ल्यू-3 ने आगे बयान दिया है कि मैतेई आतंकवादी संगठन बहुत ही सक्रिय हैं तथा यदि इन संगठनों को 12 नवम्बर, 2011 के तत्काल बाद अवैध घोषित नहीं किया जाता तो ये इस स्थिति का अनुचित लाभ उठा सकते हैं तथा अपनी अलगाववादी, विध्वंसकारी, आतंकवादी एवं हिंसक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अपने काडरों को इकट्ठा कर सकते थे। उन्होंने आगे बयान दिया है कि ऐसी स्थिति में, पुलिस तथा सुरक्षा बल उन्हें बंदी नहीं बना सकते थे। गिरफ्तार किए गए काडरों पर भी अभियोग नहीं चला सकते थे तथा आगे यह बयान दिया गया है कि इसलिए इन संगठनों को "विधिविरुद्ध संगम" घोषित किए जाने संबंधी अधिसूचना (प्रदर्श पी डब्ल्यू-3/4) को शासकीय राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से लागू करना आवश्यक समझा गया।

34. अधिकरण ने उन गुप्त दस्तावेजों की भी जांच की है जो केन्द्र सरकार ने पृथक सीलबंद लिफाफों में सौंपे थे (प्रदर्श पी डब्ल्यू-3/2)।

35. अधिकरण में रिकार्ड में दिए गए दस्तावेजी साक्ष्य, केन्द्र सरकार एवं मणिपुर सरकार द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र एवं मौखिक साक्ष्य को अध्ययन कर लिया है।

36. केन्द्रीय सरकार एवं मणिपुर सरकार की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य की सत्यता को नकारा नहीं गया है। इसके विरोध में रिकार्ड में कुछ नहीं हे। विभिन्न गवाहों द्वारा दिए गए बयानों और मौखिक परिसाक्ष्य के समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्य तथा साक्ष्य के जरिए दिए गए शपथ-पत्र पर अविश्वास करने का काई कारण नहीं है।

37. सभी साक्ष्यों एवं रिकार्ड में प्रस्तुत किए सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद अधिकरण की राय हैं कि मेप्रची उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण था। परिणामस्वरूप, अधिकरण ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण), अधिनियम, 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत जारी दिनांक 13 नवंम्बर, 2011 की अधिसूचना संख्या एस. ओ. 2568 (अ) में केन्द्रीय सरकार द्वारा की गई घोषणा की पुष्टि कर दी है।

38. यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि तर्कों को सुनने के बाद तथा साक्ष्य को रिकॉर्ड करने के बाद अधिकरण ने दिनांक 26 अप्रैल, 2012 को निम्नलिखित आदेश पारित किया था:-

"तर्क सुने गए।

रिकार्ड में प्रस्तुत साक्ष्य से यह पता चलता है कि जांच-पड़ताल के दौरान पुलिस ने प्रथम द्रष्टया यह पाया है कि राज्य सरकार के कई अधिकारी एवं राज्य पुलिस अधिकारी विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत विध्वंसक क्रियाकलापों में लिप्त हैं उदाहरण के लिए, श्री ओ. इबोपिशांक सिंह, जो पुलिस पड़ताल के दौरान लोकटाक विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता के रूप में कार्य कर रहा था, को धन संग्रह करने एवं आतंकवादी संगठन यू एन एल एफ को मदद करते पाया गया। इसके अतिरिक्त, हिरोक पार्ट-।। बाजार के श्री एन सनाईमा सिंह भी विध्वंसक क्रियाकलापों में लिप्त पाया गया जबकि वह चौथी आई आर बी (ई-कंपनी) के राइफल-मेन के रूप में नियुक्त था। साथ ही, नेमबोल आईनाम के श्री नोंगथोमबाम सरत सिंह की हत्या में पुलिस की जांच से यह पता चला कि के सी पी आतंकवादियों में इस संदेह पर पीड़ित व्यक्ति की हत्या कर दी थी कि वह आइनाम से के सी पी नोयोन समूह के दयामानी उर्फ पोथरेई के अधीन कार्य कर रहा है।

रिकार्ड में दिए गए साक्ष्य से यह भी स्पष्ट है कि मणिपुर में बड़ी संख्या में हिंसक घटनाएं हुई हैं। वास्तव में वर्ष 2009 में 659, वर्ष 2010 में 365 और वर्ष 2011 में 298 हिंसक घटनाएं हुई हैं। तथापि, अभी तक केवल एक मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है।

श्री ए. एस. चंडिओक , विद्वान अपर महान्यायवादी का कहना है कि केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों ने उपर्युक्त विसंगतियों को दूर करने के लिए कतिपय कदम उठाए हैं। राज्य सरकार दो दिनों के भीतर शपथ-पत्र दायर करें।

आदेश सुरक्षित"

39. उपर्युक्त आदेश के उत्तर में सुश्री एल. इबेयेमा देवी, नई दिल्ली में डिप्टी रेजीडेंट कमिश्नर, मणिपुर सरकार ने दिनांक 28 अप्रैल, 2012 को शपथ-पत्र दायर किया उक्त शपथ-पत्र निम्नानुसार है:-

"मैं, एल. इबेयेमेया देवी, डिप्टी रेजीडेंट कमिश्नर, मणिपुर भवन; 2 सरदार पटेल मार्ग, नई दिल्ली मणिपुर सरकार एतदद्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूँ एवं निम्नलिखित बयान देता हूँ:-

1. कि मैं डिप्टी रेजिडेंट कमिशनर, मणिपुर भवन, कमिश्नर, मणिपुर भवन, नई दिल्ली हूँ। मैंने उपर्युक्त विषय से संबंधित मेरे समक्ष प्रस्तुत संगत दस्तावेजों का अध्ययन किया है और इसे समझा है तथा मैं मणिपुर राज्य की ओर से इस शपथ-पत्र में शपथ लेने के लिए सक्षम हूं और मुझे ऐसा करने के लिए अधिकृत भी किया गया है।

2. कि मणिपुर राज्य ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत विशेष न्यायालय स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक रूप में निर्णय ले लिया है जिसके लिए तौर-तरीके सरकर में उच्च स्तर पर तैयार किए जा रहे है। यह मामला इस समय विधि विभाग, मणिपुर सरकार के पास है।

3. कि मणिपुर पुलिस विभाग में विधिविरुद्ध संगठनों के साथ सांठ-गांठ रखने वाले अवांछित तत्वों को विभाग से हटाने के लिए पुलिस कार्मिकों के पूर्ववृत्तों के पुनः सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी हे तथा ऐसी प्रक्रिया राज्य सरकार के अंतर्गत भर्ती किए गए अन्य सभी कर्मचारियों के लिए भी की जा रही हैं

4. अब तक उपलब्ध रिकार्डो के अनुसार नौ (9) पुलिस कार्मिकों को विध्वसंक क्रियाकलापों में शामिल रहने के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 के अंतर्गत सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। चार पुलिस कार्मिकों नामतः मोहम्मद अब्दुर रहमान; मोहम्म्द अब्दुल खलिक एवं मोहम्मद अमजद खान, जिनको दिनांक 31.10.2009 के आदेशों के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है के संबंध में दिनांक 31.10.2009 के बर्खास्तगी आदेशों की प्रतियां उक्त सूची में क्रम सं. 15 एवं 24 पर लगाई गई हैं उक्त सूची से स्पष्ट है कि क्रम. सं. 5,9,14,22 एवं 29 पर उल्लिखित पुलिस कार्मिकों को भी सेवा से बर्खास्त किया गया है और इस प्रकार बर्खास्त किए गए कुल पुलिस कार्मिकों की संख्या 9 है। क्र. सं. 1,6,7,8,12 एवं 13 पर उल्लिखित पुलिस कार्मिकों को वेतन-वृद्धि रोकने जैसा दंड दिया गया है। क्र. सं. 10 एवं 19 पर उल्लिखित पुलिस कार्मिकों की

1960GI/12—3

जबकि शेष पुलिस कार्मिकों के संबंध में या तो विभागीय जांच या उनके मामलों की पड़ताल लंबित हैं। उक्त सूची की प्रति अनुलग्नक-आर/2 के रूप में इसके साथ संलग्न है।

5. कि मणिपुर सरकार ने आतंकवादी क्रियाकलापों पर काबू पाने के लिए राज्य के राजकोष से विधिविरुद्ध संगमों को चोरी छिपे निधियों की आपूर्ति को रोकने के लिए "मणिपुर ग्रीन" नामक एक पहल के जरिए ई-भुगतान शुरू किया है। मणिपुर सरकार ने इस संबंध में दिनांक 23.11.2011 को एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया है और उसके बाद दिनांक 28.3.2012 को दूसरा कार्यालय ज्ञापन जारी किया है जिनमें यह कहा गया है कि कतिपय प्रकार के भुगतानों के लिए दी गई कुछ छूटों को छोड़कर दिनांक 1.4.2012 से ई-भुगतान का सख्ती से अनुपालन किया जाएगा। दिनांक 23.11.2011 एवं 28.3.2011 के कार्यालय ज्ञापनों की प्रतियां अनुलग्नक-आ/3(कोली) के रूप में इसके साथ संलग्न है।

6. पुलिस महानिदेशक से प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 8 आरोप पत्र दायर किए गए हैं ओर 50 आरोप पत्रों के अगले महीने के दौरान दायर होने की संभावना हैं, जिनके चरण निम्नानुसार हैं:

(क) अभियोजन की स्वीकृति लिए जिला मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत मामलों की सं. 2

(ख) अभियोजन की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए तैयार किए गए प्रारूप आरोप पत्रों की संख्या-20, और

(ग) जांच का अंतिम चरण एवं आरोप पत्र तैयार करना-28 उक्त 50 मामलों की सूची अनुलग्नक-आर/4 के रूप में इसके साथ संलग्न है।

7. कि मणिपुर सरकार ने माननीय अधिकरण द्वारा की गई टिप्पणियों को नोट कर लिया है और उक्त संदर्भ में राज्य, उक्त टिप्पणियों के आलोक में सुधारात्मक उपाय करने के लिए वचनबद्ध है और उन्होंने इसकी प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है।"

40. उपर्युक्त शपथ-पत्र के मद्देनजर, अधिकरण निदेश देता है कि सचिव (गृह), मणिपुर. सरकार सभी कार्रवाईयों के समन्वय के लिए गृह सचिव या गृह मंत्रालय में वरिष्ठतम अधिकारी, भारत सरकार के साथ दो महीने में एक बैठक करेगें ताकि अधिनियम को सही भावना से कार्यान्वित किया जा सके और इसका दुरूपयोग न हो सके।

(न्यायाधीश मनमोहन)
विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण

मई, 2012

MINISTRY OF HOME AFFAIRS
NOTIFICATION

New Delhi, the 31st May, 2012

S.O. 1255(E).—In terms of section 4(4) of the Unlawful activities (Prevention) Act, 1967, the order of the Tribunal presided over by Hon'ble Shri Justice Manmohan, Judge, Delhi High Court, to whom a reference was made under Section 4(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 for adjudicating whether or not there is sufficient cause for declaring the Meitei Extremist Organisations of Manipur, viz., the People's Liberation Army (PLA), the Revolutionary Peoples' Front (RPF), the United National Liberation Front (UNLF), the Peoples' Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK), the Kangleipak Communist Party (KCP), the Kanglei Yaol Kanba Lup(KYKL) and the Manipur People's Liberation Front(MPLF), as unlawful is published for general information:

[F. No. 11011/65/2011-NE-V]
SHAMBHU SINGH, Jt. Secy.

REPORT OF UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) TRIBUNAL, PRESIDED OVER BY HON'BLE MR. JUSTICE MANMOHAN, JUDGE, DELHI HIGH COURT, COURT NO. 11, DELHI HIGH COURT, NEW DELHI

IN THE MATTER OF :

NOTIFICATION No. 2568 (E) DATED 13TH NOVEMBER, 2011, DECLARING THE MEITEI EXTREMIST ORGANISATIONS OF MANIPUR, NAMELY,

1. The Peoples' Liberation Army generally known as (PLA);

2. The Revolutionary Peoples' Front (RPF- The Political Wing of PLA);

3. The United National Liberation Front (UNLF);

4. The Peoples' Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK) and its armed wing called the "Red Army";

5. The Kangleipak Communist Party (KCP) and its armed wing also called the "Red Army";

6. The Kanglei Yaol Kanba Lup (KYKL); and

7. The Manipur Peoples' Liberation Front (MPLF).

to be "Unlawful Associations" under sub-section (1) of Section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967).

AND

REPORT OF UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) TRIBUNAL, PRESIDED OVER BY HON'BLE MR. JUSTICE MANMOHAN, JUDGE, DELHI HIGH COURT, COURT NO. 11, DELHI HIGH COURT, NEW DELHI

IN THE MATTER OF :

NOTIFICATION No. 2568 (E) DATED 13TH NOVEMBER, 2011, DECLARING THE MEITEI EXTREMIST ORGANISATIONS OF MANIPUR, NAMELY,

1. The Peoples' Liberation Army generally known as (PLA);

2. The Revolutionary Peoples' Front (RPF- The Political Wing of PLA);

3. The United National Liberation Front (UNLF);

4. The Peoples' Revolutionary Party of Kangleipak (PREPAK) and its armed wing called the "Red Army";

5. The Kangleipak Communist Party (KCP) and its armed wing also called the "Red Army";

6. The Kanglei Yaol Kanba Lup (KYKL); and

7. The Manipur Peoples' Liberation Front (MPLF)

to be "Unlawful Associations" under sub-section (1) of Section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967).

AND

NOTIFICATION NO. S.O. 2764(E) DATED 9TH DECEMBER, 2011 CONSTITUTING THE UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) TRIBUNAL.

